बिहार सरकार
राज्य आयुक्त नि:शक्तता (दिव्यांगजन) का कार्यालय,
पुराना सचिवालय, सिंचाई भवन परिसर, पटना।
फोन नं0-0612-2215041, email-scdisability2008@gmail.com
Website : scdisabilities.org


पत्रांक-सं0सं0-09/रा0आ0नि0 (निरी0)-05/2018 1324/आ0नि0के0 दिनांक-05 दिसम्बर'19

प्रेषक,

अपर आयुक्त नि:शक्तता,
बिहार, पटना।

सेवा में,

असैनिक शल्य चिकित्सक
-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,
मधुबनी।

विषय :- **दिनांक-07 एवं 08 दिसम्बर'2019 को पूर्वा0 10:00 बजे, मधुबनी जिला में NIEPID तथा PARIVAAR के संयुक्त तत्वाधान में पाटिलीपुत्र पैरेन्ट्स एसोसिएशन ऑफ मेन्टली हैण्डीकैप्ड, पटना द्वारा वर्ष 2019-20 के लिए XXth Regional Parents Meet के आयोजन से सम्बन्धित कार्यक्रम के दौरान मानसिक दिव्यांग (ऑटिज्म, सी0पी0, बौद्धिक दिव्यांग, बहुदिव्यांग) दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांगता प्रमाण-पत्र निर्गत करने हेतु कैम्प लगाने के सम्बन्ध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि NIEPID तथा PARIVAAR के संयुक्त तत्वाधान में पाटिलीपुत्र पैरेन्ट्स एसोसिएशन ऑफ मेन्टली हैण्डीकैप्ड, पटना द्वारा वर्ष 2019-20 के लिए XXth Regional Parents Meet का आयोजन दिनांक-07 एवं 08 दिसम्बर'2019 को किया जा रहा है (प्रति संलग्न)। कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय मंत्री, समाज कल्याण विभाग, बिहार द्वारा किया जायेगा। राज्य आयुक्त नि:शक्तता, बिहार उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। उक्त कार्यक्रम की कार्य सूची में माननीय मंत्री महोदय द्वारा नव निर्गत दिव्यांगता प्रमाण-पत्र के वितरण का कार्यक्रम भी शामिल किया गया है।

अत: अनुरोध है कि दिनांक-07 एवं 08 दिसम्बर'2019 को पूर्वा0 09:00 बजे, मधुबनी जिला में NIEPID तथा PARIVAAR के संयुक्त तत्वाधान में पाटिलीपुत्र पैरेन्ट्स एसोसिएशन ऑफ मेन्टली हैण्डीकैप्ड, पटना द्वारा वर्ष 2019-20 के लिए आयोजित XXth Regional Parents Meet के कार्यक्रम स्थल होटल वाटिका परिसर, संतु नगर चौक, मधुबनी में दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांगता प्रमाण-पत्र (ऑटिज्म, सी0पी0, बौद्धिक दिव्यांग, बहुदिव्यांग) निर्गत करने से सम्बन्धित कैम्प लगाने हेतु सभी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन
ह0/-
राज्य आयुक्त नि:शक्तता,
बिहार, पटना।

अनु0-यथोक्त।

<u>कार्यक्रम विवरण</u>-
कार्यक्रम : 86वाँ क्षेत्रीय अभिभावक सम्मेलन
दिनांक : 07-08 दिसम्बर, 2019
समय : सुबह 11:00 बजे दिन से
स्थान : होटल वाटिका, संतु नगर चौक, मधुबनी (बिहार)

ज्ञापांक-सं0सं0-09/रा0आ0नि0 (निरी0)-05/2018 1324/आ0नि0के0 दिनांक-05 दिसम्बर'19

प्रतिलिपि:-जिला पदाधिकारी, मधुबनी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि दिनांक-07 एवं 08 दिसम्बर'2019 को दिव्यांगता प्रमाण-पत्र निर्गत करने से सम्बन्धित कैम्प लगाने हेतु अपने स्तर से निर्देश देने की कृपा की जाय।

ह0/-
राज्य आयुक्त नि:शक्तता,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक-सं0सं0-09/रा0आ0नि0 (निरी0)-05/2018 1324/आ0नि0के0 दिनांक-05 दिसम्बर'19

प्रतिलिपि:-सहायक निदेशक-सह-नोडल पदाधिकारी, जिला सामाजिक सुरक्षा-सह-दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, मधुबनी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। दिनांक-07 एवं 08 दिसम्बर'2019 को आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान मानसिक दिव्यांगों (ऑटिज्म, सी0पी0, बौद्धिक दिव्यांग, बहुदिव्यांग) का प्रमाणीकरण हेतु कैम्प लगाने के लिए सिविल सर्जन एवं बुनियाद केन्द्र के विशेषज्ञों के साथ समन्वय स्थापित कर कैम्प का आयोजन सुनिश्चित कराने की कृपा करें।

ह0/-
राज्य आयुक्त नि:शक्तता,
बिहार, पटना।

Reg. No. 667/08

BPMAH
बि.पा.एसो.एम.एच.
बिहार, पटना
BIHAR, PATNA

# PATLIPUTRA PARENTS ASSOCIATION OF MENTALLY HANDICAPPED
# पाटलीपुत्रा पैरेन्टस एसोसिएशन ऑफ मेंटली हैण्डीकैप्ड

परिवार

Shikshayatan, Chhoti Patandevi Lane, Patna City, Patna-800008 (BIHAR)
☎ - 0612-2640146, - 8987185233, ✉: patliputraparntsassociation@gmail.com / gangaulrp@gmail.com

Letter No. PPAMH/BIH/71

Date: 04.12.2019

आमंत्रण/सूचना

सेवा,
राज्य आयुक्त नि० शक्तता
बिहार सरकार, पटना

**विषय :** 86**वाँ क्षेत्रीय अभिभावक सम्मेलन** आगामी दिनांक 07–08 दिसम्बर, 2019, को **''विश्व दिव्यांग जागरूकता पखवारा''** के अवसर पर होटल वाटिका, संतु नगर चौक, मधुबनी (बिहार) में किया जायेगा, इस अभिभावक सम्मेलन में मुख्य अतिथि/विशिष्ट अतिथि हेतु आमंत्रण के संबन्ध में।

महाशय,

पाटलिपुत्रा पैरेन्टस एसोसिएशन ऑफ मैन्टली हैण्डीकैप्ड, एवं परिवार के संयुक्त तत्वाधान में **''विश्व दिव्यांग जागरूकता पखवारा''** के अवसर पर आगामी 07–08 दिसम्बर, 2019 को सुवह 11:00 बजे से ''86वाँ **क्षेत्रीय अभिभावक सम्मेलन''** होटल वाटिका, संतु नगर चौक, मधुबनी (बिहार) में आयोजित किया जायेगा। जिसमें गैर–सरकारी संस्था, सदस्य/सामाजिक कार्यकर्ता/ अभिभावकगण (मंदबूद्धि, ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मुक बधिर एवं बहु दिव्यांग)/सरकारी सेवकों/प्रोफेशनल/विशेष शिक्षक भाग लेंगे। इस दो दिवसीय कार्यशाला में (मंदबुद्धि, ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मुक बधिर एवं बहु दिव्यांग) बच्चों का शिक्षण, प्रशिक्षण, व्यावसायिक प्रशिक्षण, पूनर्वास एवं सेल्फ एडवोकेशी के बारे में जानकारी दी जायेगी।

Send
04-12-19

अत: श्रीमान से निवेदन है कि उपरोक्त कार्यक्रम अपनी किमती समय देकर बिहार के 500 से अधिक अभिभावकगण (ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मंदबुद्धि, मुक–बधिर एवं बहु दिव्यांग के अभिभावक) के हौसले का बढ़ाएं। इसके लिए पाटलिपुत्र पैरेन्टस एसोसिएशन ऑफ मेन्टली हैण्डीकैप्ड आभारी रहेगा।

कार्यक्रम विवरण –
**कार्यक्रम** : 86**वाँ क्षेत्रीय अभिभावक सम्मेलन**
**दिनांक** : 07–08 दिसम्बर, 2019
**समय** : सुवह 11:00 बजे दिन से
**स्थान** : होटल वाटिका, संतु नगर चौक, मधुबनी (बिहार)।

भवदीय

डा0 राजीव गंगौल
अध्यक्ष, पाटलिपुत्र पैरेन्टस एसोसिएशन
ऑफ मेन्टली हैण्डीकैप्ड,
मो॰ : 82105266395
ईमेल–patliputraparentsassociation@gmail.com